


*केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के ''सहकार से समृद्धि'' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े। इस अवसर पर किसानों को ऋण उपलब्धता में सुगमता के लिए किसान क्रेडिट कार्ड का नवाचार किया गया।*

# दस हजार समितियों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी

## अमित शाह के ''सहकार से समृद्धि'' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल वीडियो कॉन्फ्रैंस से जुड़े

जयपुर, 25 दिसंबर। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी के अवसर पर देश भर में 10 हजार नवगठित एम-पैक्स, डेयरी व मत्स्य सहकारी समितियों का शुभारंभ किया गया है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। साथ ही, इन नवगठित पैक्स के बहुउद्देशीय बनने से ग्रामीण स्तर पर संसाधनों की सुगम उपलब्धता संभव हो सकेगी एवं ग्रामीणों को त्वरित सुविधाएं भी मिल सकेंगी।

शाह बुधवार को नई दिल्ली में ''सहकार से समृद्धि'' अभियान कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कार्यक्रम से इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े। इस अभियान के तहत, देश भर में 10 हजार नवगठित एम-पैक्स, डेयरी व मत्स्य सहकारी समितियों का शुभारंभ किया गया। चयनित समितियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर शाह ने राजस्थान के अलवर जिले से घेवर पैक्स के अध्यक्ष रमेश चंद शर्मा को पंजीकरण का प्रमाण पत्र दिया।

> ■ गृह मंत्री ने कहा, वाजपेयी ने सहकारिता को मुख्य धारा में लाने के विशेष प्रयास किये थे। प्रधानमंत्री ने आगामी पाँच साल में 2 लाख नये पैक्स बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

शाह ने कहा कि भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने जनता की आवाज बनकर हम सबका मार्गदर्शन किया। उन्होंने देश को परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र, कारगिल विजय, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और भाषाओं को जीवंतता देने के लिए संगठित प्रयास जैसे अनेक काम किए, जिससे देश को नई दिशा मिली। उनका पूरा जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। अटल ने सहकारिता को मुख्य धारा में लाने के लिए भी विशेष प्रयास किए। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकारिता मंत्रालय का गठन किया और आगामी पांच सालों में 2 लाख नए पैक्स बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री शाह ने अपने संबोधन में कहा कि आज पैक्स के कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल का अनावरण किया गया है और निष्क्रिय पैक्स के लिक्विडेशन के लिए भी एसओपी जारी की गई है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वाजपेयी की जन्म शताब्दी दिवस के उपलक्ष्य में हम सुशासन दिवस बना रहे हैं। उन्होंने अपने जीवन और कार्यों के माध्यम से हमें यह सिखाया है कि सुशासन का अर्थ आमजन को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है और सहकारिता उसका सबसे बड़ा माध्यम है।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री की पहल पर ''सहकार से समृद्धि'' अभियान शुरू किया है, जिसके माध्यम से बहुउद्देशीय ग्राम सेवा सहकारी समितियों, डेयरी समितियों और मत्स्य सहकारी समितियों को सशक्त किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में करीब 8000 ग्राम सेवा सहकारी समितियां ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिए काम कर रही हैं। हमारी सरकार का लक्ष्य है कि इन समितियों में अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ा जाए, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हों।

सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक और डेयरी राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने अपने संबोधन में प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र में हुई प्रगति के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस अवसर पर शासन सचिव सहकारिता मंजू राजपाल एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# 'मारवाड़ी समाज ने देश में राजस्थान का नाम रोशन किया'

## कोलकाता में मारवाड़ी सम्मेलन के समारोह में देवनानी ने प्रवासी राजस्थानियों से संवाद किया

जयपुर, 25 दिसंबर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को कोलकाता के जी.डी.बिड़ला सभागार में आयोजित अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के 90 वें स्थापना दिवस समारोह में देश-विदेश में राजस्थान का मान बढ़ा रहे प्रवासी बंधुओं से संवाद किया। देवनानी ने कहा कि मारवाड़ी सिर्फ एक समाज और पहचान ही नहीं, बल्कि समृद्ध विरासत, भारतीय संस्कृति, संस्कार और परंपराओं को सहेजे हुए है। मारवाड़ी जहाँ भी जाते है, वहाँ अग्रणी रहकर सभी को साथ लेकर प्रगति में भागीदारी निभाते हैं। राजस्थान प्रदेश के लोगों ने दूसरे प्रदेशों में जाकर अपने व्यवसाय को बढ़ाया है और वे अपने उद्योगों के बल पर नौकरी देने वाले बने हैं। देवनानी ने स्नेह और सम्मान देने के लिए सभी का आभार जताते हुए कहा कि राजस्थान के लोगों ने देश के हर प्रदेश में और विदेश में अपनी मेहनत से अपना बेहतर स्थान बनाया है। राजस्थान के लोग अपने-अपने क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य कर रहे हैं, जिससे उनकी पहचान बन रही है और प्रदेश का नाम भी रौशन हो रहा है।

> ■ राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मारवाड़ी अपने में समृद्ध विरासत, भारतीय संस्कृति, संस्कार व परम्परायें सहेजे हुए हैं।



*विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को कोलकाता प्रवास के दौरान तेरापंथ भवन में जैन मुनि जिनेश कुमार का आशीर्वाद लिया।*

इस अवसर पर सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया, सीमा सुरक्षा बल के अतिरिक्त महानिदेशक रवि गांधी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सीताराम शर्मा, पद्मश्री प्रहलाद राय अगरवाला, नंदलाल रुंगटा, हरिप्रसाद कनोडिया, राम अवतार पोद्दार, संतोष सर्राफ, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश जैन, राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी सहित, बड़ी संख्या में मारवाड़ी बंधुओं की उपस्थिति रही।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कोलकाता प्रवास के दौरान, बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी व पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सेवा समिति की ओर से कोलकाता के नेता जी सुभाष चंद्र बॉस रोड पर निर्धनों को कंबल वितरण किये। वासुदेव देवनानी ने बुधवार को कोलकाता प्रवास के दौरान तेरापंथ भवन में जैन मुनि जिनेश कुमार का आशीर्वाद लिया। देवनानी ने कहा कि त्याग और समर्पण के साथ मुनि दिनेश कुमार प्रभु महावीर के संदेशों को प्रसारित कर रहे है। उन्होंने महान व्यक्तित्व को वंदन किया।

## ऑरिएंटल इंश्योरैंस...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अस्पताल में कार्यरत है। बीमा कंपनी ने उसकी 3 फरवरी, 2017 से 2 फरवरी, 2018 की अवधि की डॉक्टर्स बीमा पॉलिसी की थी, जिसके तहत चिकित्सीय पेशे से बीस लाख रुपए तक की आर्थिक देनदारी होने पर उसका भुगतान बीमा कंपनी को करना था।

इस दौरान एक मरीज ने परिवादी व अन्य चिकित्सकों के खिलाफ ऑपरेशन में लापरवाही को लेकर उपभोक्ता आयोग में परिवाद पेश किया था।

आयोग ने मामले में कुल 50 लाख रुपए का क्लेम तय करते हुए इसमें से दस लाख रुपए परिवादी को अदा करने को कहा। इसके बाद, प्रकरण सुप्रीम कोर्ट तक चला, लेकिन चिकित्सकों को राहत नहीं मिली। इस पर परिवादी ने बीमा कंपनी के समक्ष दस लाख रुपए का क्लेम पेश किया, लेकिन बीमा कंपनी ने क्लेम देने से इनकार कर दिया। इस पर चिकित्सक की ओर से जिला आयोग में परिवाद पेश किया गया।

इसके जवाब में बीमा कंपनी के अधिवक्ता ने कहा कि परिवादी ने बीमा शर्त के तहत, तय समय पर न्यायिक कार्रवाई की जानकारी बीमा कंपनी को नहीं दी थी।

ऐसे में वह क्लेम देने के लिए बाध्य नहीं है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आयोग में बीमा कंपनी पर हर्जाना लगाते हुए क्लेम राशि ब्याज सहित अदा करने को कहा है।

## क्या होगा दिल्ली ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

शामिल है।

स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि जनता को सूचित किया जाता है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के पास आज तक ऐसी कोई भी कथित ''संजीवनी योजना'' अस्तित्व में नहीं है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग ने न तो किसी स्वास्थ्य अधिकारी या किसी अन्य व्यक्ति को बुजुर्ग नागरिकों से ऐसी व्यक्तिगत जानकारी और डेटा एकत्र करने के लिए अधिकृत न तो किया है, न ही विभाग इस संबंध में कोई कार्ड प्रदान कर रहा है।

इस बात पर जोर दिया जाता है कि चूंकि ऐसी कोई योजना मौजूद नहीं है, इसलिए ऐसी गैर-मौजूद योजना के तहत पंजीकरण के लिए - भौतिक फॉर्म आवेदन का सवाल ही नहीं उठता है और किसी भी निजी व्यक्ति/राजनीतिक दल द्वारा ''संजीवनी योजना'' के नाम पर ऐसे भौतिक फॉर्म आवेदन या आवेदकों से जानकारी एकत्र करना धोखाधड़ी और बिना किसी अधिकार के है। इसलिए कथित गैर-मौजूद ''संजीवनी योजना'' के तहत मुफ्त इलाज के किसी भी वादे पर विश्वास न करें।

## करंट से मौत...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बालकनी में खड़ा था। इस दौरान, पास से जा रही 11 केवी विद्युत लाइन के नंगे तार रेलिंग के संपर्क में आ गए, जिससे रामकिशोर की करंट से मौत हो गई।

बिजली कंपनी को कई बार शिकायत करने के बावजूद भी नंगे तारों को न तो रबड कोटेड किया गया और न उन्हें वहां से शिफ्ट किया गया। ऐसे में उसके आश्रित परिवादियों को घातक दुर्घटना अधिनियम के तहत मुआवजा दिया जाए।

इसका विरोध करते हुए डिस्कॉम की ओर से कहा गया कि रामकिशोर की ओर से बिजली चोरी के लिए लगाए गए अवैध तार को हटाने के दौरान, एचटी लाइन के संपर्क में आने से दुर्घटना हुई थी और उसके लिए मृतक स्वयं जिम्मेदार था। इसलिए परिवाद को खारिज किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने डिस्कॉम पर हर्जाना लगाया है।

## 2025 में भारत की पर्यटन...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

और कहा कि इस क्षेत्र में भारत अग्रणी अर्थव्यवस्था है।

द वर्ल्ड टूरिज़्म ऑर्गनाइजेशन डब्ल्यु.टी.टी.सी. की भविष्यवाणी की पुष्टि करता है और इसका अनुमान है कि 2024 के अंत तक अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन महामारी के पहले वाले स्तर तक पहुंच जाएगा। विभिन्न रिपोर्ट्स में भारत के लिए मजबूत वापसी की बात कही गई है।

बुकिंग डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 तक भारत आ रहे पर्यटकों से होने वाली आय 2019 से भी आगे निकल जाएगी और इसमें बेहतर इन्फ्रस्ट्रक्चर, नए बाजार, पर्यटकों द्वारा ज्यादा खर्च करने का अहम योगदान होगा।

फोकस राइट्स का विश्लेषण कहता है कि भारत का ट्रैवल मार्केट फिर से तेजी के पथ पर अग्रसर है, जिसमें 2021 में बुकिंग में 91 प्रतिशत वृद्धि हुई और बुकिंग 19.1 अरब डॉलर पहुंच गई, जबकि 2020 में 69 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी।

स्टैटिस्टा का अनुमान है कि भारत का ट्रैवल एवं टूरिज़्म बाजार 2024 से 2029 के बीच 8.87 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा और 2029 तक इसका बाजार मूल्य 34.11 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा।

वैश्विक पर्यटन के 2025 में 1.6 अरब तक पहुंचने का अनुमान है जो आर्थिक विकास को प्रोत्साहन देगा। लेकिन इससे प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भारी भीड़ बढ़ सकती है, जो चिंता का विषय है। अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटकों का सर्वाधिक आकर्षण यूरोप के प्रति रहेगा, वहीं, एशिया का पर्यटन खर्च यूरोप के समकक्ष पहुंच सकता है खासकर थाइलैंड और इंडोनेशिया की वीसा नीति से राहत की वजह से। चीन के बाहर जाने वाले पर्यटकों की संख्या भी महामारी से पहले वाले स्तर को पार कर जाएगी, पर चीन के पर्यटक विदेशों में खरीददारी को शायद तवजजो न दें। बहुत सारी एयरलाइन्स कार्बन उत्सर्जन घटाने के ''कोर्सिया एमिशन रिडक्शन पैक्ट ''को अपना रही है, फिर भी ग्रीन हाउल गैस उत्सर्जन में भी पर्यटन का भारी योगदान बने रहने की संभावना है।

# प्रदेश की हर ग्राम पंचायत पर अटल ज्ञान केन्द्र खुलेंगे

## मु.मंत्री भजनलाल ने वाजपेयी के जन्म शताब्दी दिवस पर घोषणा की

जयपुर, 25 दिसम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सुशासन दिवस के अवसर पर प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत पर अटल ज्ञान केन्द्र शुरू करने की घोषणा की है। शर्मा ने कहा कि युवाओं को जागरूक करने के साथ ही उन्हें प्रशिक्षण सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत पर चरणबद्ध रूप से अटल ज्ञान केन्द्र की स्थापना की जाएगी। इन केन्द्रों के लिए स्थानीय युवक-युवती का अटल प्रेरक के रूप में चयन किया जायेगा। इससे ग्रामीण युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

> ■ उन्होंने कहा, इन केन्द्रों पर लाइब्रेरी और ई-लाइब्रेरी की सुविधायें विकसित की जायेंगी, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवा स्व अध्ययन व प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सकें।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के स्व-अध्ययन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा आमजन में पढ़ने की प्रवृति को प्रोत्साहित करने के लिए अटल ज्ञान केन्द्रों पर लाइब्रेरी एवं ई-लाइब्रेरी की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके साथ ही, इन केन्द्रों पर कैरियर काउंसलिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

शर्मा ने कहा कि पात्र व्यक्तियों एवं परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए अटल प्रेरक कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि ई-मित्र की तर्ज पर, इन केन्द्रों पर भी कल्याणकारी योजनाओं के आवेदन के अतिरिक्त जाति, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र, मूल निवास एवं राशन कार्ड इत्यादि जन-सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे ग्रामीण स्तर पर आमजन के कार्य सुगम रूप से सम्पादित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन केन्द्रों के विकास पर लगभग 500 करोड़ रुपये का व्यय करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत रत्न वाजपेयी की स्मृति में राज्य सरकार ने 26 दिसम्बर को प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालय पर अटल जन सेवा शिविर आयोजित करने का निर्णय भी किया है। साथ ही, हमारी सरकार ने ई-गवर्नेंस अवार्ड का नाम बदलकर अटल ई-गवर्नेंस अवार्ड और राजकीय विद्यालयों के कंप्यूटर कक्ष का नामकरण अटल कंप्यूटर कक्ष करने का निर्णय भी किया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म, अभियुक्त को 20 साल की सजा

जयपुर, 25 दिसंबर। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर द्वितीय ने 14 साल की किशोरी से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त युवक मयंक को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, अदालत ने अभियुक्त पर 1.76 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है, जबकि प्रकरण में एक अन्य युवक रवि कुमार पुलिस गिरफ्त से दूर चल रहा है। पीठासीन अधिकारी हेमराज गौड़ ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर उसे न केवल शारीरिक क्षति पहुंचाई, बल्कि उसे मानसिक प्रताड़ित भी किया। ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक रचना मान और पीड़िता की ओर से अधिवक्ता नीलम चौहान ने अदालत को बताया कि पीड़िता के पिता ने 15 मई, 2023 को प्रताप नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसकी 14 साल की बेटी घर के पास दुकान पर सामान खरीदने गई थी। इस दौरान युवक उसका अपहरण कर महल इलाके के जंगल में ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। जब पीड़िता घर नहीं आई तो परिजनों ने उसे तलाश किया। इस दौरान, वह बेसुध सडक़ किनारे मिली। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों युवकों के डीएनए सैंपल लिए, जो पीड़िता के कपड़े और शरीर से लिए गए सैंपल से मैच हो गए। इस पर पुलिस ने अभियुक्त मयंक को 3 अक्टूबर को गिरफ्तार किया, वहीं दूसरा आरोपी युवक फरार हो गया। सुनवाई के दौरान पीड़िता ने आपबीती अदालत को सुनाई। इस पर अदालत ने डीएनए रिपोर्ट और पीड़िता के बयान के आधार पर अभियुक्त को सजा सुनाई है।

> ■ अदालत ने आरोपी पर 1.76 लाख रूपए का जुर्माना भी लगाया। मामले में एक अन्य अभियुक्त फरार चल रहा है।

## हाइवे के किनारे ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में अद्वितीय पहल होगी। इससे सड़क सुरक्षा में वृद्धि के फलस्वरूप, राष्ट्रीय राजमार्ग ज्यादा सुरक्षित होंगे ही, आवारा पशुओं का ध्यान रखने की मानवीय आवश्यकता भी पूरी होगी। ये कन्सेशनायर आवारा पशुओं के मालिक का पता लगाने में सरकार की मदद करेंगी तथा यह सुनिश्चित करेगी कि उनके आवारा पशुओं के रहने तथा खाने-पीने पर हुये खर्च का भुगतान होने, उनके पशु उन्हें वापस किये जा सकें।

## सूचना ...

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

नागरिकों के मुफ्त चिकित्सा उपचार की योजना की घोषणा की है। इन योजनाओं के लिए पंजीकरण से भाजपा परेशान है। दिल्ली कैबिनेट ने पहले ही 1000 रुपये भत्ते को मंजूरी दे दी है और एक अधिसूचना जारी की गई है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमें सूत्रों से खबर मिली है कि चुनाव से पहले सीएम आतिशी को गिरफ्तार करने की तैयारी है। ईडी, सीबीआई और आईटी को बोल दिया गया है। ट्रांसपोर्ट विभाग में कुछ गड़बड़ी दिखाकर आतिशी को गिरफ्तार करेंगे। महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा को बंद करने के लिए आतिशी को गिरफ्तार करेंगे।

# प्रधानमंत्री ने केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास किया

## मोदी ने कहा, वाजपेयी ने देश की नदियों को जोड़ने की परिकल्पना की थी

खजुराहो, 25 दिसंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर खजुराहो में देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना के रूप में ''केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना'' का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल और खजुराहो सांसद एवं प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा मौजूद थे।

मोदी ने यहां आयोजित भव्य कार्यक्रम में देश की पहली महत्वाकांक्षी और बहुउद्देशीय केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास करने के साथ ही खंडवा जिले की ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण और 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमिपूजन किया। प्रधानमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की स्मृति में डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। देश की नदियों को जोड़ने की परिकल्पना देने वाले वाजपेयी की जयंती पर यह परियोजनाएं मध्यप्रदेश के लिए बड़ी सौगात मानी जा रही हैं।

> ■ उन्होंने कहा कि इस परियोजना से मध्य प्रदेश के 10 जिलों को 44 लाख किसान लाभांवित होंगे।

मोदी ने मंच पर ही केन और बेतवा नदी के जल से भरे कलशों से जल को प्रवाहित कर केन -बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास किया।

दो प्रमुख नदियों केन और बेतवा को आपस में जोड़ने से संबंधित केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना देश में भूमिगत दाबयुक्त पाइप सिंचाई प्रणाली अपनाने वाली सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर मध्यप्रदेश के 10 जिलों में 8 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और 44 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे।

इस परियोजना से उत्तरप्रदेश में 59 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में वार्षिक सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी और मध्यप्रदेश की 44 लाख और उत्तरप्रदेश की 21 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी।

# अज़रबैजान का प्लेन क्रैश, 42 लोगों के मरने की आशंका

नूर-सुल्तान (कजाकिस्तान), 25 दिसंबर। कज़ाकिस्तान में अज़रबैजान का प्लेन क्रैश होने की खबर मिली है। इसमें 67 यात्री सवार थे। प्लेन क्रैश होने के बाद उसमें आग लग गई है। राहत और बचाव दल मौके पर हैं। दुर्घटना में 42 लोगों के मारे जाने की आशंका है। कज़ाकिस्तान के मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 25 लोगों को बचा लिया गया है। एक वीडियो में दिखाया गया है कि विमान तेजी से ऊंचाई से नीचे की ओर गिर रहा है और दाईं ओर झुकना शुरू कर देता है। बाद में यह एक खुले मैदान में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और आग की लपटों में घिर गया। कहा जा रहा है कि यह अज़रबैजान एयरलाइंस का एक यात्री विमान था, जो कज़ाकिस्तान के अक्ताउ शहर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह एम्ब्रेयर 190 विमान अज़रबैजान की राजधानी बाकू से रूस के चेचन्या में ग्रज़ोनी जा रहा था, लेकिन वहां कोहरे के कारण उसका मार्ग बदल दिया गया। विमान में चालक दल के पांच सदस्यों के साथ 62 यात्री सवार थे।दुर्घटना में कुछ लोग बच गए हैं। मगर बड़ी संख्या में लोग मारे गए हैं। यह हादसा एयरपोर्ट के बिलकुल करीब हुआ। कथित तौर पर विमान ने आपातकालीन लैंडिंग का अनुरोध करते हुए कई चक्कर लगाए, लेकिन वह अचानक रुक गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

> ■ कज़ाकिस्तान में कैस्पियन सागर के पास प्लेन क्रैश हुआ और उसमें आग लग गई।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600